<u>समाचार</u>

प्रभारी आयुक्त ने टी.पी.नगर स्थित नाला का किया निरीक्षण

कोरबा 07 मई 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के प्रभारी आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने टी.पी.नगर जोन का भ्रमण कर विभिन्न वार्डो की जानकारी लेते हुए निर्माण व विकास कार्यों का अधिकारियो के साथ निरीक्षण किया, उन्होने वहॉ के स्थानीय निवासियों से भेंट मुलाकात हुए वार्ड की विभिन्न समस्याओं से जुड़े कार्यो की जानकारी ली।

प्रभारी आयुक्त श्री मिश्रा ने टी.पी.नगर जोन अंतर्गत लालूराम कालोनी स्थित बड़े नाले की साफ–सफाई के कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने टी.पी. नगर स्थित मुख्य मार्ग के किनारे स्थित नालियो की साफ –सफाई कार्य का कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों दिये तथा टुटी–फुटी नालियों के मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा के साथ ही स्वच्छता विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।